## शिविर में 345 मरीज लाभाविन्त

झुंझुनूं, 9 जुलाई। महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनूं एवं श्री गोपीराम अठावाल सूरजगढ़ निवासी के संयुक्त तत्वावधान में टीबड़ा आई अस्पताल सीकर, डॉ. नंदकिशोर टीबड़ा की टीम द्वारा 345 रोगियों की आंखों की जांच कर दवाइयां एवं 105 चश्में वितरण किए गए। 15 मोतियाबिंद के ऑपरेशन चयनित किए उनके ऑपरेशन करवाए जाएंगे। कार्यक्रम में कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जोशी, सचिव विवेक शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. उम्मेद सिंह, डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका, डॉ. एसके भार्गव, श्यामसुंदर जालान, परमेश्वरलाल जालान, उमादेवी जालान, महेश कुमार मूंड, नागरमल जांगिड़, पंकज जालान, रुपेश खेतान, अनुपम शर्मा, जाहिद अली खोखर, जवाहर लाल भार्गव, राखी आलड़िया, सुमेर सिंह करणावत, आनंद जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, शिवप्रसाद महर्षि, बिहारीलाल सैनी, राजकुमार खेतान, राजेंद्र सीगड़, जितेंद्र शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, मुन्ना पुरोहित, दशरथ सिंह एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जीवन रेखा अस्पताल का फीता काटकर उद्घाटन किया

चूरू,(का.सं.)। आज चूरू जिला मुख्यालय स्थित जीवन रेखा हार्ट एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ चांद कंवर राठौड़ के कर कमलों द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह में अतिथियों की संबोधित करते हुए चांद कंवर ने हॉस्पिटल के निदेशक महेश गोयनका एवं डॉ मनोहर भाटिया का अभिनंदन करते हुए कहा कि इनके भागीरथी प्रयासों से आज चूरू की जनमानस को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं युक्त एक शानदार अस्पताल मिला है।

उन्होंने हॉस्पिटल के कैथ लैब पैथ लेब का निरीक्षण करते हुए कहा कि हॉस्पिटल के उपलब्ध संसाधनों को देखकर आज एक आत्म संतुष्टि सी अनुभव कर रही हूं कि मेरे चूरू की जनता को हार्ट और क्रिटिकल केयर में चूरु छोड़कर अब जयपुर बीकानेर जैसे हायर सेंटर नहीं जाना पड़ेगा।

वह सभी सुविधाएं आज से चूरू में मिल जाएगी जिससे रोगी और उनके परिवार जनों को आर्थिक और मानसिक परेशानी से छुटकारा मिलेगा। हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं को देखते हुए रतनगढ़ के विधायक अभिनेश महर्षी ने कहा कि आज चूरू में जयपुर जैसी सुविधाओं का हॉस्पिटल देख कर मन बहुत ही प्रफुल्ल हुआ हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनोहर भाटिया और उनकी पूरी टीम तथा श्री महेश गोयनका एवं पूरे गोयनका परिवार का साधुवाद किया। कि इतनी अच्छी एवं उच्च तकनीक की व्यवस्था कम कीमत में देकर आप मानवता की सेवा कर रहे हैं।



चूरू में जीवन रेखा हार्ट अस्पताल को चांद कंवर व रतनगढ़ विधायक अभिनेष महर्षि ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

## चूरू की नालियों की सफाई नहीं

चूरू (का.सं.)। जिला मुख्यालय पर शनिवार शाम बारिश ने जहां एक ओर मौसम खुशनुमा कर दिया वहीं दूसरी ओर नगर परिषद द्वारा शहर के समस्त नालों की अब तक सफाई न होने के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मानूसन अपनी दस्तक दे चुका हैं। लेकिन चूरू नगर परिषद अब तक समस्त नालों की सफाई तक नहीं करवा पाई हैं। आश्चर्य का विषय तो यह हैं कि इस संबंध में जिला प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा हैं। जिस कारण शहर की दिन ब दिन दुर्दशा होती जा रही है। इसी प्रकार चूरू जिले के सबसे बड़े ए श्रेणी के भरतिया अस्पताल के हालात भी बदत्तर हैं, जहां पर बारिश होने के साथ ही अस्पताल के अंदर व बाहर पानी इकट्ठा होने से बाहर अस्पताल गंदगी का घर बन गया हैं लेकिन इस ओर ध्यान देने वाला भी कोई नहीं है। चूरू की जनता को ऐसा अधिकारी कोई भी नजर नहीं आ रहा हैं जो जनता के लिए मनोभावे स काम करता दिखाई दे सभी अधिकारी बस वातानुकुलित कमरो में बैठकर जनता की समस्या सुनते हैं और उस समस्या पर एक कान से सुनकर दुसरे कान से निकाल देते हैं।

## सार-समाचार

### प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण

चूरू, (का.सं.)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2021.22 के अंतर्गत नवीन कतिनो का खादी ठाामोद्योग विकास समिति चूरू के परिसर में चल रहे प्रशिक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण संभाग अधिकारी मदन चंद स्वामी व पूर्व संभाग अधिकारी शिशुपाल सिंह ने किया। जिसमें 20 कतिनो में से 19 कतिने प्रशिक्षण लेती हुई उपस्थित पायी गयी। आज इस अवसर पर संभाग अधिकारी व नवीन कतिनो द्वारा संस्था के परिसर में वृक्षारोपण किया गया संभाग अधिकारी ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित कतिने और खादी कार्यकर्ताओं से अपील की की पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण करना इस दौर में बहुत ही आवश्यक है। इसलिए आप सभी इस बरसात के मौसम में एक एक पौधा अवश्य लगाएं। आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर एक एक खादी वस्त्र निश्चित रूप से प्रमाणित खादी भण्डार से खरीदे ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक कतिन बुनकरों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

### दुर्घटना मे युवती की मौत

सूरजगढ़,। बाइक फिसलने में हुई दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई। हैड कांस्टेबल राजेश जांगिड़ ने बताया कि जाखोद निवासी शालू पुत्री संजय शर्मा अपने भाई रितिक के साथ बाइक पर बैठकर जा रही थी। तहसील के पास बाइक फिसलने से शालू व रितिक गंभीर रूप से घायल हो गए। जीवन ज्योति रक्षा समिति की एंबुलेंस ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर शालू पुत्री संजय शर्मा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर**
**पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- ग्रा.प.सा./2023-24/66-73 दिनांकः- 08.07.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2023-24**

ग्राम पंचायत सालासर में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की गयी है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 50.00 लाख है, जिस की प्रतिभूति राशि के रूप में अनुमानित लागत राशि का 50.00 लाख का 2% से 1.00 लाख का सरपंच ग्राम पंचायत सालासर के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी। इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदा दिनांक 08.07.2023 को 5.00 PM से दिनांक 18.07.2023 को 6.00 PM तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।)

सरपंच ग्राम पंचायत सालसर पंचायत समिति, सुजानगढ़ चूरू) | सरपंच ग्राम पंचायत सालसर पंचायत समिति, सुजानगढ़ चूरू)


## एबीवीपी का स्थापना दिवस मनाया

झुंझुनूं, 9 जुलाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झुंझुनूं द्वारा एबीवीपी के 75वें स्थापना दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया गया। जिला संयोजक पंकज तंवर ने बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं विभाग संगठन मंत्री शमशेर सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, टैगोर चिल्ड्रन एकेडमी चिड़ावा के निदेशक राकेश सैनी, विवेकानंद कंप्यूटर शिक्षण संस्थान बगड़ के डायरेक्टर रवि सैनी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विभाग संगठन मंत्री शमशेर सिंह चौहान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एबीवीपी 75 वर्ष में एक छात्र संगठन नहीं होकर एक विचार बन गया है। जिसका उद्देश्य सुसंस्कारित छात्र शक्ति से राष्ट्र का निर्माण करना एवं सुसंस्कारित समाज का निर्माण करना है। इस उद्देश्य पूर्ति का माध्यम शिक्षा एवं वर्तमान छात्र है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद देश ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जिसके साथ सभी छात्र छात्राओं को जुड़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राकेश सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं को अपने कैरियर के साथ संस्कारों पर भी ध्यान देना चाहिए अच्छे संस्कार ही अच्छे भविष्य का निर्माण करते हैं। विवेकानंद कंप्यूटर शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर रवि सैनी ने सभी अतिथियों एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया। नगर मंत्री हरीश कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं विद्यार्थी परिषद के डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन निखिल शर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. सुनिता गोदारा, प्रियंका सैनी, सुनिता, निकिता, श्याम पारीक, पवन शर्मा, आशीष शर्मा, मनीषा जांगिड़, रवि शर्मा, रमेश, विक्रम, सरिता, विकास भालोठिया, अजय, मुकेश समेत सैंकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार

झुंझुनूं, 9 जुलाई। राज्य स्तरीय 5वीं पेंचक सिलाट प्रतियोगिता संपन्न हुई। रविवार शाम नागरिक सदन बगड़ में हुए समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेंद्र भांबू थे। झुंझुनूं पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सैनी व एसोसिएशन के सचिव भुनेश सैनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान के 22 जिलों के 480 सीनियर खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें राजस्थान पुलिस प्रशासन तथा अन्य विभागों खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में जयपुर टीम प्रथम स्थान पर रही।द्वितीय स्थान पर करौली तथा तृतीय स्थान पर हनुमानगढ़ की टीम रही। मुख्य अतिथि राजेंद्र भांबू ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भागदौड़ व तनाव भरे इस युग में लड़कियों को सेल्फ डिफेंस में आना बहुत जरूरी है। भांबू ने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी तथा प्रतीक चिह्न व मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेंद्र भांबू ने खेल प्रोत्साहन के लिए 21 हजार रूपए का आर्थिक सहयोग भी किया।

# आप का ट्रेनिंग सेशन हुआ



झुंझुनूं में आम आदमी पार्टी का ट्रेनिंग सेशन हुआ।

झुंझुनूं, 9 जुलाई। जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस पर झुंझुनूं विधानसभा के आम आदमी पार्टी के संगठन के अंतिम चरण में पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई। इस कार्यक्रम में पंजाब सरकार में पीआरटीसी चेयरमैन रंजोध सिंह हड़ाना का कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। हडाना ने कार्यकर्ताओं से आम आदमी पार्टी के जन हितैषी कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने की गति को तेज करने का आ ान किया। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष इम्तियाज़ तगाला, राजेश स्वामी, रामपाल राठौड़ को वार्ड और ठााम स्तर पर टीम बनाने की ज़िम्मेदारी दी। जिसमें महिलाओं सहित सभी समुदाय के लोग होंगे। आम आदमी पार्टी की राजस्थान में सरकार बनाने की सारी रूप रेखाएं तैयार हो चुकी है। संगठन को सशक्त बनाने के लिए आम आदमी पार्टी झुंझुनूं के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा विधानसभा के सभी गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान किया जाएगा। जनता की समस्याओं का डाटा एकत्रित कर उनको पार्टी के मेनिफेस्टो में शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ज़िलाध्यक्ष शुभकरणसिंह महला, जिला सचिव प्रवीण कृष्णियां, ट्रेड विंग अध्यक्ष इंजीनियर इब्राहिम खान, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद युनुस रंगरेज, विलास कुमार, अज़ीज़ अहमद, सलीम दीवान, साकिब राठौड़, अरविंद लालपुरिया, कैलाश कल्याण, शाहरुख मनियार, आबिद माखर, सरजीत बुंदेला, रमेश सैनी, अम्मीलाल सैनी, सुरेंद्र सैनी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लोढ़सर**
**पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- ग्रा.प.लो./2023-24/115-122 दिनांकः- 08.07.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2023-24**

ग्राम पंचायत लोढ़सर में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की गयी है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 90.00 लाख है, जिस की प्रतिभूति राशि के रूप में अनुमानित लागत राशि का 90.00 लाख का 2% से 180000/- का सरपंच ग्राम पंचायत सालासर के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी। इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदा दिनांक 08.07.2023 को 5.00 PM से दिनांक 18.07.2023 को 6.00 PM तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।)

सरपंच ग्राम पंचायत लोढ़सर पंचायत समिति, सुजानगढ़ चूरू) | सरपंच ग्राम पंचायत लोढ़सर पंचायत समिति, सुजानगढ़ चूरू)


## हत्या के आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

सादुलपुर, (ओमप्रकाश)। गाँव टुण्डा खेडी की रोही में लेकर महिला की हत्या कर कुण्ड में डालने के दर्ज प्रकरण में सिद्धमुख थाना पुलिस ने मात्र दो रोज में ही हत्या के आरोप में दो आरोपीगणों को शनिवार को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज लिया है। प्रकरण में जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना आईपीएस ने बताया कि पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरू पर सतपाल पुत्र मनीराम धाणक निवासी टुण्डाखेडी तहसील सिद्धमुख ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी पत्नी मुन्नीदेवी ०3 जुलाई 2०23 को रात्रि के समय घर से गायब हुई थी तथा जिसकी थाना सिद्धमुख में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। लेकिन दूसरे ही रोज ०6 जुलाई 2०23 को रोही टुण्डा खेडी में हवासिंह धाणक के खेत में बने पानी के कुण्ड में मुन्नी देवी उम्र 43 साल की लाश क्षत विक्षत अवस्था में मिली थी, जिस पर सतपाल ने आरोपी सोनू व मोनू पुत्रगण रतिराम धाणक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी पत्नी को खेत में बुलाकर हत्या कर शव को कुण्ड में डाल दिया। साथ ही अवैध संबन्धों का आरोप लगाया गया था। जिसका सिद्धमुख थाने में प्रकरण दर्ज प्रकरण का अनुसंधान सुभाष चन्द्र उपनिरीक्षक थानाधिकारी द्वारा शुरू किया गया। वहीं प्रकरण के अनुसंधान अधिकारी सुभाष चन्द्र उपनिरीक्षक द्वारा घटना स्थल की कार्यवाही मौका एवं मोबाईल फोरेन्सिक यूनिट जिला चूरू से मौका निरीक्षण करवाया गया तथा ०8 जुलाई 2०23 को थाना सिद्धमुख टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए सोनू पुत्र रतिराम धाणक उम्र 24 साल व मनिष कुमार उर्फ मोनू पुत्र रतिराम धाणक उम्र 22 साल निवासीगण टुण्डा खेडी पीएस सिद्धमुख को मय घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल सहित दस्तयाब कर जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर मात्र ो रोज में ही गिरफ्तार किया गया।

## ऑनलाइन शॉपिंग की वेबसाइट लॉन्च

चूरू, 9 जुलाई (का.सं.)। स्थानीय लोहिया मार्केट में संचालित रीजनेबल शोरूम ने रविवार को अपनी ई-कॉमर्स वेबसाइट की लॉन्चिंग की।

वेबसाइट का उद्घाटन मदन सिंह राव ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुये मदन सिंह राव ने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से ठााहकों को घर बैठे केवल 45 मिनट में आवश्यक वस्तुयें मिल पायेगी। गौरतलब है कि रीजनेबल की स्थापना लक्ष्मणसिंह राव ने 1983 में एक छोटे से प्रतिष्ठान से की थी, जो आज एक बड़ा ब्रांड बन चूका है। राव ने बताया कि इस वेबसाइट की उत्पति शिवम् सिंह ने स्वयं के विवेक से की है। शिवम् ने बताया कि ठााहकों की डिमाण्ड को मध्य नजर रखते हुये इस वेबसाइट की लॉन्चिंग की गई है। इसके माध्यम से ठााहक हमारी वेबसाइट ू पर बस्तुओं का चयन कर घर बैठे ऑर्डर कर सकता है। पारूल राव ने इस वेबसाइट के निर्माण में सहयोगी भूमिका निभाई।

## आवेदन के लिए अन्तिम तिथि 31 जुलाई

चूरू, (का.सं.)। अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से संचालित काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में सत्रा 2023.24 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद नियाज खान ने बताया कि योजना में आवेदन के लिए राजस्थान के किसी भी राजकीय एवं निजी विद्यालय में नियमित अध्ययनरत रहते हुए शिक्षण सत्र 2022.23 में कक्षा 12 राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में न्यूनतम 65 प्रतिशत तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 75 प्रतिशत प्राप्तांकों से उत्तीर्ण व महाविद्यालय, व्यावसायिक, तकनीकी संस्थान में सत्र 2023.24 में नियमित अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राएं पात्रा हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाली छात्राओं के माता.पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से कम होने के आय प्रमाण पत्र ;छः माह से पुराना न हो व दो राजपत्रित अधिकारी एवं नोटेरी से प्रमाणित की प्रति, 12वीं कक्षा में नियमित अध्ययन करने का शाला प्रधान का प्रमाण पत्र, कॉलेज में नियमित अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, सीनियर सेकंडरी की अंक तालिका की प्रति, अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी। अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र व जन आधार कार्ड में जरूरी सूचनाएं यथा जाति, समुदाय अल्पसंख्यक वर्ग, मूल निवासए बैंक डिटेल आदि अपडेट होना आवश्यक हैं। मो. नियाज ने बताया कि छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु स्वयं की एसएसओ आईडी से जन आधार कार्ड में अंकित श्रेणी के अनुसार योजना के अंतर्गत संचालित अल्पसंख्यक विभाग का चयन कर आवेदन करना है।

## लक्की ड्रॉ में निकली आल्टो कार

सुजानगढ ०9 जुलाई (का.स)। शहर के हितेष ज्वैलर्स द्वारा रविवार को अग्रसेन भवन में लक्की ड्रा निकाला गया। जिसमें पहला बंपर ईनाम मारुति ऑल्टो गाडी बोबासर गांव निवासी रामप्रसाद भाटी ने जीती। वहीं दूसरा ईनाम फॉरेन टूर कांता शर्मा के नाम निकला। तीसरा लकी ईनाम होंडा स्कूटी विजय कुमार स्वामी ने जीती। वहीं चौथा ईनाम एप्पल आई फोन प्रभुदयाल शर्मा और पांचवां ईनाम 25 हजार की गोल्ड ज्वेलरी नानूराम प्रजापत के नाम निकली। कार्यक्रम में पूर्व जिला सांख्यिकी अधिकारी विद्याधर पारीक, वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम मौसूण, रामरतन बोचीवाल, सेवानिवृत प्राचार्य छतर सिंह डोटासरा, फजलू रहमान, मनोज न्यामावाला, कालू पुजारी, रामबिहारी पुजारी, कालूराम ओस्तवाल, अशोक पारीक, गुरुजी पुजारी ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। इससे पहले ड्रा में शामिल हजारों पर्चियों को शीशे के बॉक्स में मिलाया गया और मासूम बच्चों के हाथों लकी पर्चियां निकाली गई।

## सांसद ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

खिरोड, 9 जुलाई। बागोरिया की ढाणी पंचायत में झुंझुनूं सांसद नरेन्द्र खीचड़ द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया और पंचायत समिति सभागार परिसर में सरपंच राजेंद्र सैनी की अध्यक्षता और झुंझुनूं सांसद नरेंद्र खीचड़ के में मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सरपंच के कार्यकाल से लेकर अब तक विभिन्न राजकीय सेवा में चयनित करीब 45 युवक-युवतियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आठवीं बोर्ड, दसवीं बोर्ड और 12वीं बोर्ड के टॉपर बच्चों सहित विभिन्न खेल क्षेत्र, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 250 प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। इस दौरान पंचायत क्षेत्र के 10 से अधिक भामाशाह का भी सम्मान किया गया। जिन्होंने पंचायत में पानी की टंकी, स्वास्थ्य केंद्र के लिए जमीन देकर निर्माण कार्य करवाने की घोषणा की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद नरेंद्र खीचड़ ने कहा कि बागोरिया की ढाणी पंचायत राजस्थान की सबसे सुंदर ठााम पंचायत में से एक है। जिन्हें कई बार उत्कृष्ट पंचायत का सम्मान मिल चुका है। सरपंच राजेंद्र सैनी के नेतृत्व में यहां बहुत शानदार विकास कार्य हुए हैं। इससे पहले जब पंचायत में आते थे तब लगता था जैसे यह ठााम पंचायत है ही नहीं। कार्यक्रम को भाजपा नेता विक्रम सिंह जाखल, राजेश कटेवा, बीरबल गोदारा पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरबल राम यादव, टोडपुरा सरपंच भंवर सिंह धींवा, रजनीश पूनियां, पंचायत समिति सदस्य मेजर जयराम, अनिल दूत आदि ने भी संबोधित किया।

सरपंच राजेंद्र सैनी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए पंचायत में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले सरपंच राजेंद्र सैनी के नेतृत्व में उप सरपंच और वार्ड पंच सहित पंचायत के मौजिज लोगों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण और साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम से पहले झुंझुनू से सांसद नरेंद्र खीचड़, बीजेपी नेता विक्रम जाखल और राजेश कटेवा को चिराना के मुख्य मार्ग से होते हुए पंचायत भवन सभागार तक विशाल रैली निकाल का लाया गया।

## राजे समर्थकों ने कमर कसी

झुंझुनूं, 9 जुलाई। आगामी चुनावों के मध्य नजर वसुंधरा राजे समर्थक मंच फ्रंट फुट पर आ गया है। समर्थक मंच के प्रमुख महामंत्री महेश बसावतिया ने एक बयान में बताया कि वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय भारद्वाज के नेतृत्व में जिले के हर गांव और ढाणी में जनसंपर्क किया जाएगा।

इस अभियान में केंद्र में मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों व सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजन को अवगत करवाने के साथ ही राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की लोकप्रिय योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा कि किस प्रकार गहलोत सरकार उन योजनाओं का नाम बदलकर वाह वाही लूट रही है। बसावतिया ने आगे कहा कि जिस तरह से गहलोत सरकार के कार्यकाल में बेरोज़गार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों से जनता आक्रोशित है। आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में कांठोस का सूपड़ा साफ होना निश्चित है। जिले की जनता ने सातों सीटें भाजपा को देने का मन बना लिया है।

# जमा गन्दे पानी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया



चूरू के भरतीया अस्पताल के सामने जमा पानी को लेकर आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया।

चूरू (का.सं.)। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजकीय डीबी अस्पताल के आगे जमा गन्दे पानी की समस्या को लेकर रविवार को विरोध-प्रदर्शन किया।

आम आदमी पार्टी के माइनॉरिटी विंग के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघू ने बताया कि जिला मुख्यालय पर बारिश का मौसम शुरु होते ही सभापति पायल सैनी व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ के कार्यों की पोल खुलकर सामने आ जाती है। शहर की मुख्य सड़कों व वार्डों में कूड़े के ढेर् लगे हुये हैं, जिससे लोगों का जीना दुभर हो रहा है। खान ने बताया कि जिला मुख्यालय का सबसे बड़ा अस्पताल होने के कारण यहां 24 घंटे मरीजों का तांता लगा रहता है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को जलभराव के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इसी प्रकार वन विभाग का नेचर पार्क जो राजस्थान में तीसरे नम्बर का पार्क कहा जाता है, उसके सामने के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। नगरपरिषद चूरू के नाक के नीचे दोनों व्यस्तम मार्गो पर हालात ऐसे हैं तो बाकी शहर के हालात कैसे होगें। गौरतलब हैं कि बारिश के मौसम में इस गन्दे पानी से अनेक बीमारियां जन्म लेती है। इस अवसर पर प्रदर्शन करने वालों में ब्लॉक इंचार्ज सतार खान, मीडिया प्रभारी इसहाक कुरेशी, आबिद खान, इसहाक खान, मोहम्मद लुहार, महेंद्र कुमार, शमसेर खान, रफीक सोलकी, चांद सैनी, सलीम जॉन, सोनू लीलगर, राकेश शर्मा, सारूक मनियार, इकबाल लुहार, एडवोकेट आसिफ सोलंकी, हारून लुहार, रफीक जोईया, रफीक एजेन्ट व टॉनी वसीम खान सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कालरी**
**पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः- ग्राप/कालरी/ई.निविदा/2023-24 दिनांकः- 06.07.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 01 व 02/2023-24**

वर्ष 2023-24 के लिए महानरेगा एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनान्तर्गत निर्माण सामग्री क्रय हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेवसाईट www.eproc.raj.gov.in पर ई निविदा सं. 01 दिनांक 10.07.2023 सांय 5 पी.एम. से एवं ई निविदा सं. 02 में 4 निर्माण कार्य हेतु राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 10.07.2023 सांय 5.00 पी.एम. से ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आमंत्रित की जाती है। दोनों ई निविदाओं का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त 6 कार्यों की निविदा प.रा नियम 181(1) अन्तर्गत राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 20.07.2023 समय 11.00 ए.एम. तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

ई निविदा सं. 01 UBN. ZCR2324GLOB00457
ई निविदा सं. 02 UBN. ZCR2324WSOB00458
प.रा नियम 181(1) UBN. ZCR2324WSOB00459

सरपंच
ग्राम पंचायत कालरी
पंचायत समिति राजगढ (चूरू)